15 जुलाई 2019

कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc

Moneywise. Be wise.

प्रमुख खबरें

- नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज ने 10 जुलाई, 2019 से बासमती धान-पूसा 1121 में वायदा कारोबार शुरू किया है। इसकी ट्रेडिंग और डिलीवरी यूनिट 10 मीट्रिक टन है और डिलीवरी अनिवार्य होगी ।
- आईसीईएक्स ने 11 जुलाई, 2019 से बासमती धान 1121 वायदा कॉन्ट्रैक्ट में कारोबार शुरू किया है। इसकी ट्रेडिंग और डिलीवरी यूनिट 10 मीट्रिक टन है और डिलीवरी केन्द्र करनाल, हरियाणा है। वर्तमान समय में सितंबर, अक्टूबर और नवंबर कॉन्ट्रैक्ट कारोबार के लिए उपलब्ध है।
- 1 जून-9 जुलाई के दौरान, देश में 243.6 मिमी बारिश हुई है जो इस अवधि में सामान्य औसत 202.7 मिमी से 17% कम है।
- मलेशिया पॉम तेल बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जून में मलेशिया के कच्चे पॉम तेल उत्पादन 9% की गिरावट के साथ 1.52 मिलियन टन रह गया है।
- एलएमई एक नए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म में दस मिलियन यू.एस. डॉलर के निवेश की योजना बना रहा है जो कारोबारियों को तेजी से व्यापार करने में सक्षम बनाएगा और यह अधिक ग्राफिकल इंटरफेस प्रदान करेगा।
- बोस्निया के एकमात्र एल्यूमीनियम स्मेल्टर को बिजली के ग्रिड से संपर्क काट दिया गया था, जो बिजली और एल्यूमिना की कीमतों के कारण भारी कर्ज में था।
- स्टीलमेकर आर्सेलर मित्तल की दक्षिण अफ्रीकी शाखा ने उम्मीद जतायी है कि वह पहले छमाही के नुकसान की भरपाई करेगी और 2,000 से अधिक नौकरियों में कटौती करेगी क्योंकि वह सस्ते आयात से मुकाबला कर रही है।
- अमेरिकी वाणिज्य विभाग दक्षिण कोरिया या ताइवान में उत्पादित कुछ स्टील पर 456% तक की ड्यूटी लगाएगा।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	05-07-19	11-07-19	बदलाव (%)
ग्वारगम	8,782.00	8,980.00	2.25%
ग्वासीड	4,362.00	4,418.00	1.28%
मक्का रबी	2,196.00	2,222.00	1.18%
हल्दी	6,618.00	6,682.00	0.97%
जीरा	17,355.00	17,515.00	0.92%

MCX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	05-07-19	11-07-19	बदलाव (%)
कच्चा तेल	3933.00	4133.00	5.09%
निकल	886.20	915.30	3.28%
लेड	151.95	156.90	3.26%
कैस्टर सीड	5550.00	5710.00	2.88%
इलायची	3274.80	3332.50	1.76%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	05-07-19	11-07-19	बदलाव (%)
मक्का खरीफ	2,597.00	2,522.00	-2.89%
सीपीओ	496.00	483.10	-2.60%
कॉटन	21,710.00	21,270.00	-2.03%
जौ	1,848.00	1,826.00	-1.19%
गेहूं	2,002.00	1,983.00	-0.95%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	05-07-19	11-07-19	बदलाव (%)
आरबीडी पॉमोलीन	585.00	560.00	-4.27%
मेंथा ऑयल	1234.40	1206.90	-2.23%
नेचुरल गैस	167.20	165.00	-1.32%
जिंक	193.90	192.35	-0.80%
कॉटन	21300.00	21160.00	-0.66%

साप्ताहिक समीक्षा

सीआरबी इंडेक्स में निचले स्तर पर खरीदारी दर्ज की गई, जिसके कारण यह 194 के स्तर के करीब बंद हुआ। सर्राफा, कच्चे तेल के साथ ही कुछ बेस मेटल की कीमतों में बढ़त दर्ज की गई जबकि कृषि कमोडिटीज में मंदी का दबाव रहा। अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में गिरावट सहित विभिन्न सकारात्मक कारकों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल दर्ज की गई । मेक्सिको की खाड़ी में बैरी तूफान, जिसके इस हफ्ते के अंत तक आने की संभावना है, के कारण तेल उत्पादकों द्वारा अपने कुल तेल उत्पादन का आधा से अधिक कटौती करने के कारण भी तेल की कीमतों को मदद मिली। इस बीच, गुरुवार को जारी अपनी ताजा मासिक रिपोर्ट में, ओपेक ने अगले वर्ष में वैश्विक तेल मांग की मांग में 1.14 मिलियन बैरल प्रतिदिन बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है जो 2019 के लिए किए गए अनुमान के बराबर है। दो हफ्ते की तेजी के बाद उच्च कीमतों पर मुनाफा वसूली के कारण नेचुरल गैस की कीमतों में नरमी दर्ज की गई । कोमेक्स में सोना 1400 डॉलर के ऊपर कारोबार करता रहा। पॉवेल ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की और इसलिए दर में कटौती की उम्मीद है। उन्होंने कमजोर मुद्रास्फीति को लेकर चिंता व्यक्त की क्योंकि उन्होंने माना कि यह पहले की अपेक्षा अधिक स्थायी होगा। इससे सोने की कीमतों को उछाल मिली । एमसीएक्स में सोने की कीमतें 35145 रू की एक नयी ऊंचाई पर पहुंच गई । ब्याज दर में कटौती की बात सामने आने पर पिछले दो महीनों में निवेशकों ने सोने में जोरदार निवेश किया है और सोने की कीमतें 1,200 डॉलर के स्तर से 1,400 डॉलर तक पहुंच गई । चांदी की कीमतों को भी 38000 के स्तर के पास सपोर्ट मिला। बेस मेटल में तांबा, निकल और लेड में कुछ तेजी देखी गई जबकि एलएमई और एसएचएफई में नरमी के कारण पिछले आठ सप्ताह में जिंक की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई जबकि एल्युमीनियम की कीमतें एक दायरे में कारोबार करती रही। एलएमई में नकद प्रीमियम में गिरावट और चीन में उत्पादन में बढ़ोतरी के कारण बाजार में बेहतर सप्लाई के संकेत के कारण कीमतों में गिरावट हुई है। चीन में ट्रीटमेंट एवं रिफाइनिंग शुल्क मई के बाद से अब तक के उच्चतम स्तर 240 डॉलर प्रति टन पर पहुंच गई हैं, जिससे पता चलता है कि चीन की स्मेल्टिंग क्षमता प्रसंस्करण की जरूरत से मेल नहीं खा रही है। एलएमई नकद और तीन महीने के लेड कॉन्ट्रैक्ट कीमतों के बीच का अंतर बुधवार को लगभग 10.50 डॉलर के प्रीमियम पर पहुंच गया, जो निकट भविष्य में आपूर्ति में कमी का संकेत देता है।

कृषि कमोडिटीज में, बाजार ने नई कमोडिटीज-धान और मूंग-में कारोबार का स्वागत किया । पहले कारोबारी सप्ताह में मूंग की कीमतों में अच्छी बढ़त दर्ज की गई। सरसों की कम पेराई के बीच मानसून में प्रगति का दबाव तिलहन और खाद्य तेल काउंटर में देखा गया। अमेरिकी कृषि विभाग द्वारा 2019-20 में सोयाबीन के उत्पादन अनुमान को जून के 4.150 बिलियन बुशल से कम करके के 3.845 बिलियन बुशल कर दिए जाने से विदेशी बाजारों में कीमतों में तेजी रही । मॉनसून धीमा होने की खबर से ग्वार काउंटर में तेजी आई। ऐसी खबर है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के 15 जुलाई के बाद रूक लेने की संभावना है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में कम दबाव का क्षेत्र के मॉनसून की मौजूदा गति पर रोक लगने की आशंका है।

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	04.07.19	11.07.19	(%)
जौ	जयपुर	1826.50	1832.65	0.34
धनिया	कोटा	7495.55	7498.00	0.03
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	504.40	488.80	-3.09
गुड़	मुजफ्फरपुर	1200.00	1187.25	-1.06
ग्वारसीड	जोधपुर	4350.00	4415.00	1.49
ग्वारगम	जोधपुर	8725.00	9000.00	3.15
जीरा	ऊंझा	17363.90	17427.80	0.37
सरसों	जयपुर	4080.00	4061.80	-0.45
काली मिर्च मलाबार गार्बल्ड	कोच्ची	35723.10	35466.60	-0.72
कच्चा जूट	कोलकाता	4453.85	4554.70	2.26
सोयाबीन	इंदौर	3694.00	3613.00	-2.19
हल्दी	निजामाबाद	6452.25	6425.00	-0.42
चीनी	कोलकाता	3380.95	3395.25	0.42
गेहूं	दिल्ली	2034.15	2040.00	0.29
कॉटन	कड़ी	21536.85	21154.40	-1.78
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	2833.40	2877.10	1.54

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	04.07.19 क्वांटिटी	11.07.19 क्वांटिटी	अंतर
जौ	मी.टन	8636	8636	0
कैस्टर सीड	मी.टन	99001	99761	760
चना	मी.टन	100657	100908	251
कॉटनसीडऑयल केक	मी.टन	12385	8402	-3983
धनिया	मी.टन	6277	6307	30
ग्वारगम	मी.टन	10657	10102	-555
ग्वारसीड	मी.टन	15731	15619	-112
जीरा	मी.टन	1631	1721	90
मक्का रबी	मी.टन	12873	12872	-1
आर एम सीड	मी.टन	63765	60046	-3719
सोयाबीन	मी.टन	28236	24164	-4072
हल्दी	मी.टन	5223	4749	-474
गेहूं	मी.टन	32611	32822	211

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	03.07.19 क्वांटिटी	11.07.19 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	2957.75	3188.25	230.50
कॉटन	बेल	145000.00	137700.00	-7300.00
सोना	किग्रा	87.00	87.00	0.00
सोना मिनी	किग्रा	58.20	53.10	-5.10
सोना गिनी	किग्रा	7.36	7.00	-0.36
मेंथा ऑयल	किग्रा	142651.17	226890.82	84239.65
निकल	किग्रा	89.13	89.13	0.00
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	47523.32	15559.49	-31963.82
जिंक	मी.टन	708.40	616.83	-91.57

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	05.07.19	11.07.19	बदलाव(%)
सोयाबीन	CBOT	अगस्त	8.76	8.99	2.63
सोया तेल	CBOT	अगस्त	27.56	28.18	2.25
सीपीओ	BMD	सितम्बर	1960.00	1941.00	-0.97
कॉटन	ICE	दिसम्बर	66.82	63.08	-5.60

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	05.07.19	11.07.19	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	1783.00	1807.00	1.35
तांबा	LME	नकद	5912.00	5925.00	0.22
लेड	LME	नकद	1884.00	1950.00	3.50
निकल	LME	नकद	12525.00	13090.00	4.51
जिंक	LME	नकद	2392.00	2404.00	0.50
सोना	COMEX	अगस्त	1400.00	1406.70	0.48
चांदी	COMEX	सितम्बर	15.05	15.15	0.66
लाइट क्रूड	NYMEX	सितम्बर	57.76	60.28	4.36
नेचुरल गैस	NYMEX	अगस्त	2.40	2.42	0.83

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 04.07.19	स्टॉक की स्थिति 11.07.19	अंतर
एल्युमीनियम	977750	941750	-36000
तांबा	272500	293525	21025
निकल	158292	153612	-4680
लेड	64250	63550	-700
जिंक	91625	82800	-8825

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद * भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	सोयाबीन	अगस्त	3598.00	27.03.19	साइडवेज	3650.00	3520.00	3820.00	-
NCDEX	जीरा	अगस्त	17515.00	20.06.19	साइडवेज	16970.00	17200.00	18050.00	-
NCDEX	रिफाइंड सोया तेल	अगस्त	727.60	08.07.19	मंदी	739.00	-	737.00	740.00
NCDEX	आरएमसीड	अगस्त	3925.00	11.03.19	मंदी	3969.00	-	4020.00	4050.00
NCDEX	चना	अगस्त	4298.00	17.06.19	मंदी	4425.00	-	4470.00	4500.00
NCDEX	ग्वारसीड	अगस्त	4418.00	27.05.19	मंदी	4350.00	-	4550.00	4570.00
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	अगस्त	2822.00	01.01.19	तेजी	1940.50	2770.00	-	2750.00
NCDEX	कैस्टर	अगस्त	5652.00	25.04.19	मंदी	5900.00	-	5730.00	5750.00
MCX	**सीपीओ**	**जुलाई**	**497.40**	**11.07.19**	**साइडवेज**	**495.00**	**480.00**	**510.00**	**-**
MCX	मेंथा ऑयल	जुलाई	1206.90	21.01.19	मंदी	1551.90	-	1250.00	1260.00
MCX	चांदी	सितम्बर	38113.00	05.06.19	तेजी	37000.00	36700.00	-	36500.00
MCX	सोना	अगस्त	34701.00	05.06.19	तेजी	33350.00	34100.00	-	34000.00
MCX	तांबा	जुलाई	441.25	04.06.19	साइडवेज	406.00	425.00	455.00	-
MCX	लेड	जुलाई	156.90	24.05.19	तेजी	149.00	151.00	-	150.00
MCX	जिंक	जुलाई	192.35	23.04.19	साइडवेज	220.00	190.00	197.00	-
MCX	निकल	जुलाई	915.30	18.06.19	तेजी	880.00	885.00	-	870.00
MCX	एल्युमीनयिम	जुलाई	142.00	01.05.19	साइडवेज	144.80	138.00	145.00	-
MCX	कच्चा तेल	अगस्त	4132.00	18.06.19	तेजी	3778.00	3950.00	-	3900.00
MCX	नेचुरल गैस	जुलाई	165.00	21.01.19	मंदी	217.90	-	178.00	180.00

*11.07.19 का बंद भाव

नाट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम साप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।

2. इस साप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

सीपीओ(जुलाई) एमसीएक्स

सीपीओ(जुलाई) एमसीएक्स

एमसीएक्स में सीपीओ(जुलाई)कॉन्ट्रैक्ट 11 जुलाई 2019 को 497.40 रू पर बंद हुआ। 01 मई 2019 को कॉन्ट्रैक्ट 535.00 रू के उच्च स्तर पर था। 10 जुलाई 2019 को 491.30 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 39.31 है। 485.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 515.00 रू के टारगेट के लिए 495.00 रू से ऊपर खरीददारी की जा सकती है।

कच्चा तेल (जुलाई)एमसीएक्स

कच्चा तेल (जुलाई)एमसीएक्स

एमसीएक्स में कच्चा तेल(जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 11 जुलाई 2019 को 4132.00 रू पर बंद हुआ। 24 अप्रैल 2019 को कॉन्ट्रैक्ट 4649.00 रू के उच्च स्तर पर था और 06 मई 2019 को 3540.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 61.10 है। 4105.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 4300.00 रू के टारगेट के लिए 4170.00 रू से ऊपर खरीददारी की जा सकती है।

जीरा (अगस्त) एनसीडीईएक्स

जीरा (अगस्त) एनसीडीईएक्स

एनसीडीईएक्स में जीरा (अगस्त) कॉन्ट्रैक्ट 11 जुलाई 2019 को 17515.00 रू पर बंद हुआ। 04 जून 2019 को कॉन्ट्रैक्ट 18100.00 रू के उच्च स्तर पर था और 02 जुलाई 2019 को 17070.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 59.81 है। 17250.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 18000.00 रू के टारगेट के लिए 17500.00 रू से स्तर पर खरीददारी की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

तिलहन एवं खाद्य तेल

इस हफ्ते उत्पादन क्षेत्रों में मॉनसून को लेकर स्पष्ट स्थिति होने तक सोयाबीन वायदा (अगस्त) की कीमतें 3540-3690 रू के दायरे में कारोबार करती रह सकती हैं। मौजूदा सीजन में खरीफ फसलों में सोयाबीन एकमात्र फसल होगी, जिसे अभी तक कमजोर मॉनसून से खतरा है। पिछले वर्ष की तुलना में अभी तक केवल एक-तिहाई क्षेत्र में सोयाबीन की बुआई हुई है और अंततः कुल बुआई क्षेत्र औसतन 11 मिलियन हेक्टेयर रहने का अनुमान है। जुलाई से बेहतर बारिश की संभावना से आगामी दिनों में बुआई में बढ़ोतरी होने की संभावना है। सीबोट में, अमेरिकी सोयाबीन वायदा (अगस्त) की कीमतों को 8.70 डॉलर प्रति बुशल के नजदीक सपोर्ट जारी रह सकता है। डॉलर के कमजोर होने और अमेरिकी कृषि विभाग द्वारा 2019-20 में सोयाबीन के उत्पादन अनुमान को जून के 4.150 बिलियन बुशल से कम करके के 3.845 बिलियन बुशल कर दिए जाने से कीमतों को मदद मिलने की संभावना है। सरसों वायदा (अगस्त) की कीमतें 3880-3960 रू के दायरे में कारोबार करती रह सकती हैं। 103 रू/क्विं. की नकारात्मक पेराई मार्जिन के कारण मिलों द्वारा पेराई के लिए कमजोर मांग के कारण भी कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। सीपीओ वायदा (जुलाई) की कीमतें 492 के अहम सपोर्ट स्तर के नजदीक कारोबार कर रही है। यदि कीमतें इस स्तर से नीचे टूटती है तो 490-485 रू तक गिरावट जारी रह सकती है। बाजार में इंडोनेशियाई सस्ते पॉम तेलों की सप्लाई में बढ़ोतरी के बाद मलेशिया और इंडोनेशिया के बीच कीमतों को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है जिससे मलेशियाई सीपीओ की कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। सोया तेल वायदा (अगस्त) की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 723-736 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। डॉलर के मुकाबले रूपये के कमजोर होने की संभावना से आयात महंगा हो सकता है और खाद्य तेल की कीमतों में उछाल दर्ज की जा सकती है।

मसाले

हल्दी वायदा (अगस्त) की कीमतों को 6790 के स्तर पर रेजिस्टेंस बरकरार रह सकता है और कीमतों की बढ़त पर रोक लगी रह सकती है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार तेलंगाना में अभी तक 85% बुआई पूरी हुई है। मॉनसून सीजन के दौरान मांग कम है। तमिलनाडु के प्रमुख हल्दी उत्पादन क्षेत्र इरोद, जहां बुआई 15 जुलाई से शुरू होगी, में बुआई से पहले कीमतें दबाव में हैं। जीरा वायदा (अगस्त) की कीमतों में तेजी का जारी रहने की संभावना है और कीमतें 17800-17900 रू तक पहुंच सकती हैं। कम आवक के बीच स्थिर घरेलू और विदेशी मांग के कारण कीमतों में तेजी का रूझान है। बेहतर कीमतें मिलने की उम्मीद से किसानों द्वारा स्टॉक रोक कर रखे जाने से कीमतों को मदद मिल सकती है। कम भंडार, कम बारिश और कम उत्पादन के कारण इलायची वायदा (अगस्त) की कीमतों की तेजी पर रोक लग सकती है और कीमतों में 3100-3200 रू तक बढ़त हो सकती हैं। केरल के प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में पिछले वर्ष की भारी बारिश के विपरीत इस वर्ष अत्यंत कम मॉनसून के कारण इलायची का उत्पादन सामान्य से 30-40% कम होने का अनुमान है। इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मॉनसून से लगभग 35% कम बारिश होने की संभावना है। इसलिए जुलाई में नयी फसल की होने के बावजूद कीमतों में गिरावट होने की संभावना नही है। मांग और सप्लाई में भारी अंतर के कारण जो भी आवक होगी उसे स्टॉकिस्टों द्वारा खरीदा जाएगा । धनिया वायदा (अगस्त) की कीमतों में 7040-7000 रू के नजदीक निचले स्तर पर खरीददारी की जा सकती है और 7300-7400 रू तक बढ़त दर्ज किए जाने की संभावना है। राजस्थान और गुजरात के प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में कम उत्पादन और अधिक निर्यात मांग के कारण कीमतों को मदद मिल सकती है।

अन्य कमोडिटीज

कपास वायदा (जुलाई) की कीमतों में 20800-20600 रू तक गिरावट हो सकती है। विश्व कपास बाजार में कीमतों के तीन वर्षो के निचले स्तर पर पहुंचने के कारण कीमतों में नरमी का रूझान है। अमेरिकी निर्यात कम होने और खपत में धीमेपन के कारण विश्व बाजार में कपास की सप्लाई बढ़ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि अमेरिकी किसानों से कृषि उत्पाद खरीदने के वादे को चीन पूरा नही कर रहा है। इस हेज फंडों का मानना है कि कपास की कीमतों में गिरावट जारी रह सकती है। भारत में पिछले वर्ष छिटपुट बारिश के कारण कम उत्पादकता के बावजूद गुजरात के किसान मौजूदा खरीफ सीजन में कपास की खेती कर रहे है। गुजरात में कपास की बुआई महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना की तुलना में अधिक क्षेत्र में हो रही है। सप्लाई में कमी के कारण मक्का वायदा (अगस्त) की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर 2254 के नजदीक कारोबार कर रही हैं। आगामी दिनों में इस तेजी के रूझान के 2350 रू तक जारी रहने की संभावना है। सरकार ने 2019-20(अप्रैल-मार्च) में 400000 टन अतिरिक्त मक्का आयात करने की अनुमति दी है लेकिन इससे कीमतों की तेजी पर रोक लगने की संभावना नही है क्योंकि यूक्रेन की गैर जीन संवर्धित मक्का की ढुलाई रहित कीमत 195-200 डॉलर/टन है जो भारतीय आयातकों के लिए महंगा है। कैस्टरसीड वायदा (अगस्त) की कीमतें 5700 के स्तर को पार कर 5800 रू तक बढ़त दर्ज कर सकती हैं। गुजरात के हाजिर बाजारों में आवक में कमी और घरेलू स्टॉकिस्टों एवं निर्यातकों की ओर से अधिक मांग के कारण कीमतों में तेजी का रूझान है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-जून के दौरान भारत ने जून महीने में 153596 टन कैस्टरमील का निर्यात किया है जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में 41017 टन निर्यात किया था ।

सर्राफा

सर्राफा की कीमतों में तेजी जारी रहने की संभावना है लेकिन उच्च स्तर पर मुनाफा वसूली से इंकार नही किया जा सकता है। फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना, मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव और चीन एवं अमेरिका के बीच व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशक निराश है। फेड के स्पष्ट संकेत के अभाव से सर्राफा की कीमतों को मदद मिल रही है जबकि डॉलर इंडेक्स में उछाल के कारण बढ़त पर रोक लग रही है। एमसीएक्स में सोने की कीमतों को 35300 रू के नजदीक और कोमेक्स में 1440 डॉलर के नजदीक मजबूत रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ रहा है जबकि एमसीएक्स में 34000 रू और कोमेक्स में 1380 डॉलर के नजदीक मजबूत सपोर्ट है। चांदी की कीमतों में 37500 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 38800 रू तक बढ़त हो सकती है। फेड द्वारा इस महीने के अंत तक ब्याज दरों में कटौती की संभावना और चीन एवं अमेरिका के बीच व्यापार तनाव के जारी रहने से सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग में बढ़ोतरी हुई है। कमजोर मुद्रास्फीति और व्यापार युद्ध के कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था अभी भी संकट में देखते हुए फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने इस महीने के अंत तक ब्याज दरों में कटौती का संकेत किया है। इसके अतिरिक्त जॉबलेस क्लेम के साप्ताहिक आंकड़ों के बाद 30-31 जुलाई को होने वाली फेड की बैठक में दरों में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती की वितीय बाजार की उम्मीदों पर रोक लग गई है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार भारत द्वारा सोने पर आयात शुल्क में 2.5% की बढ़ोतरी से 2019 में सोने की मांग में लगभग 2.4% की कमी हो सकती है। काउंसिल के अनुसार कमजोर आर्थिक वृद्धि और सोने की कीमतों में अधिक उठापटक के कारण इस वर्ष उपभोक्ताओं की ओर से मांग कम रह सकती है।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

मध्य-पूर्व में तनाव के साथ ही मेक्सिको की खाड़ी में तूफान आने की संभावना से तेल उत्पादकों द्वारा अपने कुल तेल उत्पादन का आधा से अधिक कटौती करने के कारण कच्चे तेल वायदा की कीमतों में तेजी बरकरार रह सकती है। मेक्सिको की खाड़ी में बैरी तूफान के कारण तेल उत्पादकों ने तेल उत्पादन में 1 मिलियन बैरल से अधिक की कटौती की है जो इस क्षेत्र में होने वाले उत्पादन का 53% है। इस बीच जून में अमेरिकी ड्रोन को ईरान द्वारा मार गिराए जाने के बाद ईरान द्वारा ब्रिटिश तेल टैंकर को रोकने के कथित आरोप के कारण मध्य-पूर्व में तनाव गहराता जा रहा है। लेकिन ओपेक द्वारा 2020 में तेल की मांग कम होने के अनुमान से कीमतों की बढ़त पर थोड़ी रोक लगी। ओपेक ने कहा है कि अगले वर्ष में विश्व को ओपेक से 29.27 मिलियन बैरल/दिन तेल की जरूरत होगी जो इस वर्ष की तुलना में 1.34 मिलियन बैरल/दिन कम है। ओपेक ने कहा है कि जून में तेल उत्पादन 68000 बैरल/दिन कम होकर 29.83 मिलियन बैरल/दिन हुआ है जो 2020 के मांग अनुमान से अधिक है। कच्चे तेल की कीमतों में 3900 रू के स्तर पर सपोर्ट के साथ तक 4350 रू तक बढ़त दर्ज की जा सकती है। नेचुरल गैस में निचले स्तर पर खरीददारी हो सकती है और कीमतें 157 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 175 रू तक बढ़त दर्ज कर सकती हैं। नैटगैसवेदर के अनुसार अगले कई दिनों तक ग्रेटलेक और उतर-पूर्व में मौसम काफी ठंडा रह सकता है जिससे गैस की मांग बढ़ सकती है। निवेशक इस महीने के अंत तक मौसम के ठंडा होने की संभावना को लेकर मौसम अनुमान का इंतजार कर रहे हैं।

बेस मेटल

बेस मेटल में निचले स्तर पर खरीददारी हो सकती है। फेड द्वारा इस महीने के अंत तक ब्याज दरों में कटौती की संभावना और चीन एवं अमेरिका के प्रतिनिधियों द्वारा नए दौर की वार्ता शुरू किए जाने से कीमतों को मदद मिल सकती है। तांबें की कीमतों में 436 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 455 रू तक बढ़त दर्ज की जा सकती है। सदर्न कॉपर को पेरू स्थित अपने टिया मारिया तांबा खदान में कंस्ट्रक्शन की अनुमति मिल गई है। लेकिन कंपनी विलंब से कंस्ट्रक्शन शुरू करने के लिए सहमत हो गई है। लेड की कीमतों में रिकवरी जारी रह सकती है और कीमतें 150 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 165 पर पहुंच सकती हैं। लेड के कम होते भंडार, सप्लाई में कमी और एलएमई में नकद और 3 माह के कॉन्ट्रैक्ट की कीमतों का अंतर 10 डॉलर/टन हो जाने के कारण कीमतों को मदद मिल सकती है। जिंक की कीमतों में नरमी रहने की संभावना है और कीमतों में 198 रू पर रेजिस्टेंस के साथ 188 रू तक गिरावट हो सकती है। मेटल और खनन कंपनी नीरस्टार ने कहा है कि वह आस्ट्रेलिया में अपने लेड एवं जिंक स्मेल्टर पोर्ट पियरे में जुलाई के अंत तक यथास्थिति बरकरार रखेगी। निकल की कीमतों में 890 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 950 रू तक बढ़त दर्ज की जा सकती है। एलएमई में निकल का भंडार 2013 के बाद सबसे कम 153612 टन रह गया है जबकि एसएचएफई में निकल का स्टॉक हाल के हफ्तों में दोगुने से अधिक 21811 टन हो गया है। एल्युमीनियम की कीमतें साइडवेज रह सकती है और कीमतों को 146 के नजदीक रेजिस्टेंस के साथ 136 रू के स्तर पर सपोर्ट रह सकता है।

बासमती धान पूसा 1121.....खेत से बाजार तक

नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज ने 10 जुलाई, 2019 से बासमती धान-पूसा 1121 में वायदा कारोबार शुरू किया है। इस नए कॉन्ट्रैक्ट की शुरूआत से कारोबारियों को जोखिम प्रबंधन के लिए एक प्रभावी उपकरण की सुविधा मिलेगी और कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता वाले बासमती धान को एक उचित कीमत की प्राप्ति होगी । एक अन्य ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म आईसीईएक्स ने भी 11 जुलाई, 2019 से बासमती धान 1121 वायदा कॉन्ट्रैक्ट में कारोबार शुरू किया है। इस कमोडिटी के लिए स्पेशिफिकेशन दोनों एक्सचेंजों पर लगभग समान है। कुछ मापदंडों पर गुणवत्ता को लेकर स्पेशिफिकेशन अलग-अलग हैं। बासमती धान की कीमतों में एक वर्ष में 60 प्रतिशत से अधिक की उठापटक होती है। कीमतों में इस उतार-चढ़ाव से होने वाले जोखिम को कम करने के लिए एक विश्वसनीय व्यवस्था अपरिहार्य थी ।

चावल का वैश्विक और घरेलू परिदृश्य

भारत लगभग 6.5 मिलियन टन बासमती चावल, जो अपनी गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है, का उत्पादन करता है जो वैश्विक बासमती उत्पादन के 70०% से अधिक है, जबकि पाकिस्तान लगभग ३०% का योगदान देता है। यह अनुमान है कि भारत अपने कुल धान उत्पादन में से लगभग 5% बासमती का उत्पादन करता है। भारत में उत्पादित प्रमुख बासमती चावल किस्म पूसा 1121 है। हरियाणा और पंजाब बासमती चावल उत्पादन में लगभग 83% और बासमती पूसा 1121 उत्पादन में लगभग 89% योगदान करते हैं। अन्य बासमती चावल उत्पादक राज्यों में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड शामिल है।

वैश्विक मोर्चे पर, चावल का उत्पादन लगभग 501.5 मिलियन टन होता है। 116 मिलियन टन के अनुमानित उत्पादन के साथ भारत वैश्विक उत्पादन में लगभग 23% योगदान देता है। वैश्विक कुल चावल उत्पादन में बासमती का योगदान 8-9 मिलियन टन का है।

भारत वैश्विक बाजार में बासमती चावल का प्रमुख निर्यातक है। भारत से बासमती चावल का निर्यात 6% के सीएजीआर में बढ़ रहा है। कुल बासमती उत्पादन का लगभग 80 प्रतिशत निर्यात किया जाता है।

मद	स्पेशिफिकेशन
ट्रेडिंग यूनिट	10 मी. टन
डिलीवरी यूनिट	10 मी. टन
अधिकतम ऑर्डर	500 मी. टन
भाव यूनिट	रू/क्विं.
टिक साइज	1 रू
क्वांटिटी में बदलाव	+/- 5%
डिलीवरी केन्द्र	करनाल (हरियाणा)
अन्य डिलीवरी केन्द्र	सोनीपत (हरियाणा)
डिलीवरी	डिलीवरी अनिवार्य
प्रतिदिन कीमतों का दायरा	कीमतों में प्रतिदिन बदलाव का दायरा (+/-) 3%. है। यदि कारोबार इस नियत सीमा पर पहुंच जाता है तो 15 मिनट के बाद कीमतों के दायरे को (+/-) 1% बढ़ा दिया जाता है और कारोबार शुरू कर दिया जाएगा। इस 15 मिनट में (+/-) 3% के दायरे में कारोबार होता रहेगा । यदि कीमतें संशोधित 4% के स्तर पर भी पहुंच जाती है तो इस दायरे में ही पूरे दिन कारोबार होता रहेगा ।

नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज के अनुसार धान में हरा अनाज 5% (अधिकतम) होगा जबकि आईसीईएक्स पर 10% अधिकतम हरा अनाज होगा । भूरे रंग के चावल की औसत लंबाई आईसीईएक्स पर 8.7 मिमी होगी जबकि एनसीडीईएक्स पर 8.6 मिमी। नुकसान और फीका पड़ा चावल आईसीईएक्स पर 2% (अधिकतम) जबकि एनसीडीईएक्स पर 4% (अधिकतम) होगा। बासमती धान की अन्य किस्मों का मिश्रण एनसीडीईएक्स पर अधिकतम 5% जबकि आईसीईएक्स पर अधिकतम 4% होगा।

बासमती किस्मों की पहचान भौगोलिक प्रदेश से अधिक होती है। उच्च मूल्य वाली किस्मों के साथ, धान की सामान्य किस्मों की मिलावट की संभावना है। इसलिए मिलावट से बचने के लिए और शुद्धता का निर्धारण करने के लिए डीएनए परीक्षण किया जाएगा।

बासमती धान पूसा 1121 के वायदा कारोबार से कृषि व्यवसायों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। बाजार मूल्य के जोखिमों से सुरक्षित रखने के लिए, यह हेजिंग उपकरण कमोडिटी कारोबारियों को अपने अनाज के उत्पादन के लिए बेहतर मूल्य प्राप्ति प्राप्त करने में मदद करेगा, और इस प्रकार उनकी आय में वृद्धि करेगा। बासमती को लेकर सरकारी हस्तक्षेप कम से कम होता है।

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

smc
Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्त्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।